कुल पृष्ठों की संख्या : 04 नामांक [ ] कुल प्रश्नों की संख्या : 14

AR

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23

## कक्षा–11

समय : 3.15 घंटे विषय–हिन्दी अनिवार्य पूर्णांक : 70

नोट :
1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न – पत्र पर नामांक लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द -सीमा में लिखें।
4. जिस प्रश्न के अ, ब, स, द भाग है, उन सभी भागों का हल एक साथ क्रम से करें।

खण्ड – क

1. निम्नांकित अपठित काव्यांश का ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
( प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द है। )

देखकर बाधा विविध, बहु विघ्न घबराते नहीं।
रह भरोसे भाग के, दुःख भोग पछताते नहीं।।
काम कितना ही कठिन हो, किंतु उकताते नहीं।
भीड़ में चंचल बने जो, वीर दिखलाते नहीं।।
हो गए एक आन में, उनके बुरे दिन भी भले।
सब जगह सब काल में, वे ही मिले फूले फले।।
काम पड़ने पर करे जो, शेर का भी सामना।
चिलचिलाती धूप को भी, जो चाँदनी देवे बना।।
जो कि हँस हँस के, चबा लेते हैं लोहे का चना।
है कठिन कुछ भी नही, जिनके है जी में ठना।।

( अ ) उपर्युक्त पद्यांश का शीर्षक लिखिए। 1
( ब ) विघ्न बाधाओं से कौन नहीं घबराते हैं ? उनकी विशेषताओं को लिखिए। 1½
( स ) 'चबा लेते हैं लोहे का चना' से क्या आशय है ? 1½
( द ) चिलचिलाती धूप से चाँदनी बना लेने से क्या संदेश व्यक्त हुआ है ? 1½
( य ) प्रस्तुत काव्यांश में क्या संदेश दिया गया है ? 1½

2. निम्नांकित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दिजिए – ( उत्तर – सीमा 20-40 शब्द )

प्राचीन काल में भारतीय नारी का स्वरूप समादरणीय और अर्धाङ्गिनी रूप में प्रतिष्ठापूर्ण था। यहाँ पहले नारी को लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का रूप माना जाता था। जिस प्रकार लक्ष्मी धन की, सरस्वती विद्या की और दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी है, उसी प्रकार नारी को भी देवी तुल्य माना जाता था। परन्तु परवर्ती काल में नारी का गौरव कम होने लगा तथा उसे भोग – विलास की वस्तु माना गया। समाज में प्याप्त कुप्रथाओं व रूढ़ियों जैसे : पर्दाप्रथा, बाल विवाह, बहु – विवाह, जौहर प्रथा, सती – प्रथा के द्वारा नारी का उत्पीड़न भोगना पड़ा और नारी का जीवन शोषण, उत्पीड़न एवं व्यंथा से ग्रस्त बनता गया। प्रारंभ मं नारी के जीवन को त्याग और तपस्या से मण्डित माना जाता था। वह अच्छे परिवार, श्रेष्ठ पति एवं गुणवान संतान की प्राप्ति में तथा उनकी सुख–सुविधाओं की निरंतर कामना करने में अपना जीवन सर्मपित कर देती थी। परन्तु वर्तमान काल में ज्ञान – विज्ञान और स्त्रीशिक्षा का प्रसार होने से नारी शोषण-उत्पीड़न के विरूद्ध जागृत हो गई है। अब स्त्री शिक्षा के कारण नारियाँ अपने पैरों पर खड़ी होकर पुरूष के समान सभी कार्यों में दक्षता दिखा रही है। नारियाँ

अनेक विकृत रूढ़ियों से मुक्त हो गई हैं। इससे नारी जीवन समुन्नत बन कर राष्ट्र के उत्थान में सहभागी बन रहा है।

(अ) प्राचीन काल में भारतीय नारी का स्वरूप कैसा था ? 1½

(ब) प्रचीनकाल में नारी को किन – किन रूपों में माना जाता था ? 1½

(स) वर्तमान काल में स्त्री की स्थिति में क्या – क्या परिवर्तन हुए हैं ? 1½

(द) समाज में व्याप्त विकृत रूढ़ियो व कुप्रथाओं से मुक्त होकर नारी किसमें सहभागी बन रही है ? 1½

(य) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

## खण्ड–ब

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए। 4

(अ) नारी – शिक्षा का महत्त्व (ब) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन

(स) योग भगाये रोग (द) मेरे आदर्श शिक्षक

4. अपनी ग्राम पंचायत के सचिव की ओर से अपने जिलाधीश महोदय को गाँव में फैली मौसमी बीमारियाँ – जैसे मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के उपचारार्थ हेतु चिकित्सयों की टीम भेजने हेतु कार्यालयी पत्र लिखिए। 4

अथवा

नगर पालिका 'क ख ग' की ओर से अपने जिला कलेक्टर महोदय को नगर पालिका क्षेत्र में घूमने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम के उचित उपाय करने हेतु कार्यालयी पत्र लिखे।

5. समाचार लेखन के छह ककार कौन – कौन से होते हैं ? समझाइये। 3½

6. आपके विद्यालय में इस वर्ष आयोजित हुए वार्षिकोत्सव का एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। 3½

7. संचार माध्यम के तीन प्रकार कौन–कौन से हैं ? समझाइये। 3

## खण्ड – ग

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

हम तो एक एक करि जांनां।
दोह कहैं तिनहीं कौ दोजग जिन नाहिंन पहिंचाना।।
एकै पवन एक ही पानी एकै जोति समानां।
एकै खाक गढ़े सब भांड़ै एकै कोहंरा साना।।
जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।
सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।।

(अ) कबीर के अनुसार इस संसार में किस को एक माना गया है ? 1½

(ब) 'दोजग' का क्या अर्थ है और यह किसके लिए कहा गया है ? 1½

(स) मनुष्य शरीर नश्वर है व आत्मा अमर है। इस बात को कबीर ने किस उदाहरण से सिद्ध किया है। 1½

(द) प्रस्तुत पद में कबीर की भाषा कौनसी है ? 1½

अथवा

लहराते वे खेत दृगों में
हुआ बेदखल वह अब जिनसे
हँसती थी उसके जीवन की

हरियाली जिनके तृन तृन से।
आँखों में ही घूमा करता
वह उसकी आँखों का तारा
कारकुनों की लाठी से जो
गया जवानी ही में मारा

(अ) किसान की आँखों में खोतों की यादें ही क्यों शेष रह गयी है ? 1½
(ब) 'आँखों का तारा' से क्या अभिप्राय है ? 1½
(स) किसान के जीवन की प्रसन्नता क्यों नष्ट हो गयी ? 1½
(द) कारकुनों ही लाठी से कौन मारा गया था। और क्यों ? 1½

9. निम्न पंक्ति काव्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द)

पग घुंघरू बाँध मीरा नाची
मैं तो मेरे नारायण सूं, आपहिं हो गई सांची
लोग कहे मीरा भई बावरी, न्यात कहै कुलनासी
विष का प्याला राणा भेज्या, पीवत मीरा हाँसी

(अ) लोग मीरा को बावरी क्यों कहते हैं ? 2
(ब) इस पद का भाव सौंदर्य लिखिए ? 2

अथवा

पिताजी ने कहा होगा
हाय कितना सहा होगा
कहाँ मै रोता कहाँ हूँ
धीर मैं खोता कहाँ हूँ
हे सजीले हरे सावन
हे कि मेरे पुण्य पावन
तुम बरस लो वे न बरसे
पाँचवें को वे न तरसे

(अ) कवि के पिता ने क्या कहा होगा ? 2
(ब) कवि के मन ही मन में दुःखी होने का क्या कारण हैं ? 2

10. पठित कविताओं के आधार पर विषय - वस्तु से संम्बंधित दिये गये तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(अ) 'वे आँखे' कविता में किसान की पीड़ा के लिए किन्हें जिम्मेदार बताया गया है ? 1
(ब) कवि ने चंपा की किन - किन विशेषताओं का वर्णन किया है ? 1
(स) 'यहाँ दरख्तों के सायें में धूप लगती है।' इस पंक्ति में किस स्थिति की ओर संकेत किया गया है ? 2

11. निम्नांकित पठित गद्यांश की पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (उत्तर सीमा 20 से 40 शब्द)

पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी जी पर अखंड विश्वास था। वह कहा करते थे कि संसार का तो कहना ही क्या, स्वर्ग में भी लक्ष्मी का ही राज्य है। उनका यह कहना यर्थाथ ही था। न्याय और नीति सब लक्ष्मी के ही खिलौने हैं इन्हें वह जैसे चाहती हैं, नचाती हैं। लेटे ही लेटे गर्व से बोले - चलो, हम आते है। यह कहकर पंडित जी ने बड़ी निश्चिंतता से पान के बीड़े लगाकर खाए फिर लिहाफ ओढ़े हुए दारोगा के पास आकर बोले - बाबूजी, आशीर्वाद। कहिए, हमसे ऐसा कौनसा अपराध हुआ। कि गाड़िया रोक दी गयी। हम ब्राह्मणों पर तो आपकी कृपा दृष्टि रहनी चाहिए।

( अ ) पंडित अलोपीदीन लक्ष्मी के बारे में क्या कहते थे ? 1½

( अ ) पंडित अलोपीदीन का लक्ष्मी पर अंखड विश्वास क्यो था ? 1½

( स ) 'न्याय और नीति सब लक्ष्मी के खिलौने हैं ।ऐसा क्यों कहा गया है ? 1½

( द ) पं. अलोपीदीन की गाड़ियाँ क्यों रोक दी गयी थी ? 1½

अथवा

मोहन को लेकर मास्टर त्रिलोक सिंह को बड़ी उम्मीदें थी । कक्षा में किसी छात्र को कोई सवाल न आने पर वही सवाल वे मोहन से पूछते और उनका अनुमान सही निकलता । मोहन ठीक - ठीक उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट कर देता और तब वे उस फिसड्डी बालक को दंड देने का भार मोहन पर डाल देते ।

'पकड़ इसका कान और लगवा इससे दस उठक - बैठक' वे आदेश देते । धनराम भी उन अनेक छात्रों में से एक था जिसने त्रिलोक मास्टर के आदेश पर अपने हमजोली मोहन के हाथों कई बार बेंत खाए थे या कान खिंचवाए थे । मोहन के प्रति थोड़ी - बहुत ईर्ष्या रहने पर भी धनराम प्रारंभ से ही उसके प्रति स्नेह और आदर का भाव रखता था । इसका एक कारण शायद यह था कि बचपन से ही मन में बैठा दी गई जातिगत हीनता के कारण धनराम ने कभी मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी नहीं समझा बल्कि वह इसे मोहन का अधिकार समझता रहा ।

( अ ) प्रस्तुत गंद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ? 1½

( ब ) मास्टर त्रिलोक सिंह को किससे बड़ी उम्मीदे थी और क्यों ? 1½

( स ) धनराम मोहन को अपना प्रतिद्वंद्वी क्यों नही समझ सका ? 1½

( द ) मोहन गुरू आज्ञा का पालन करने में पीछे नही रहता था ? कैसे ? 1½

12. पठित गद्यपाठों की विषय - वस्तु पर आधारित निम्न लिखित पाँच में से चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2x4=8

( अ ) 'नमक का दारोगा ' कहानी में मासिक वेतन को पूर्णमासी का चाँद क्यों कहा गया है ?

( ब ) लार्ड कर्जन को इस्तिफा क्यों देना पड़ा ?

( स ) स्पीति में बारिश यात्रावृत्तांत का उद्देश्य क्या है ?

( द ) रजनी अमित के स्कूल क्यों जाना चाहती थी ?

( य ) बीते हुए जमाने और आज के जमाने के सम्बंध में मियाँ नसिरूद्दीन ने क्या राय व्यक्त की हैं ?

## खण्ड - घ

13. पाठ की विषयवस्तु पर आधारित निम्नांकित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ( उत्तर सीमा 40 से 60 शब्द ) 2x3=6

( अ ) लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं का उल्लेख किया हैं ?

( ब ) लता के कारण चित्रपट संगीत पर क्या प्रभाव पड़ा ?

( स ) चेलवांजी किसे कहते हैं ? ये कुँई के भीतर किस तरह काम करते हैं ?

( द ) खडिया पट्टी की क्या खासियत है ?

14. विषय वस्तु आधारित दिये गए प्रश्नों में से कोई एक निबंधात्मक प्रश्न कीजिए - ( उत्तर सीमा 60 से 80 शब्द ) 4

( अ ) संगीत के क्षेत्र में लता का स्थान निर्धारित कीजिए।

अथवा

( ब ) मरूभूमि में पाई जाने वाली खड़िया पट्टी और रेजाणी पानी में क्या सम्बंध है ? स्पष्ट कीजिए।